# लुलु माल ने गीडा में मांगे दो प्लॉट, आज आएगी श्री सीमेंट की टीम

**अच्छी खबर**



**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर कालेसर जीरो प्वाइंट के पास गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा लांच की गई कमर्शियल योजना में प्रतिष्ठित लुलु मॉल ग्रुप ने हाइपर मार्केट के लिए 3.5 और 2.5 एकड़ के दो भूखंड का आवेदन किया है। प्रबंधन की तरफ से करीब 50 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। वहीं, धुरियापार में विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में श्री सीमेंट द्वारा प्लांट की कवायद आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को कंपनी के सीईओ समेत अन्य अधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से साथ निवेश पर चर्चा करेंगे।

**06** एकड़ में माल खोलेगा लुलू प्रबंधन, 50 करोड़ से अधिक का निवेश

**02** सौ करोड़ का निवेश श्री सीमेंट करेगी धुरियापार में

- कालेसर व्यावसायिक एरिया में आधा दर्जन बड़ी कंपनियों ने किया आवेदन

> लुलु हाइपर मार्केट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से कालेसर योजना में दो भूखंड को मिलाकर 6 एकड़ जमीन के लिए आवेदन किया गया है। इसके साथ ही करीब आधा दर्जन बड़ी कंपनियों ने भी उद्योग लगाने के लिए आवेदन किया है। आवेदन की स्क्रीनिंग कर प्राथमिकता से भूखंड मुहैया कराया जाएगा। वहीं, श्रीसीमेंट के अधिकारियों के साथ भी शुक्रवार को बैठक प्रस्तावित है।
> -अनुज मलिक, सीईओ गीडा

लुलु मॉल प्रबंधन की तरफ से बीते वर्ष नवम्बर माह में गीडा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में निवेश प्रस्ताव दिया गया था। अब इस निवेश को अमली जामा पहनाने की कवायद होती दिख रही है। प्रबंधन की तरफ से 3.5 और 2.5 एकड़ के दो भूखंड को मिलाकर 6 एकड़ एरिया में बड़ा मॉल विकसित करने की योजना है। ऐसे में कालेसर जीरो प्वाइंट के आसपास के एरिया के साथ ही सहजनवा कस्बे तक शहर के विस्तार की संभावनाओं को पंख लगता दिख रहा है। लुलु हाइपर मार्केट प्राइवेट लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर पिछले दिनों गोरखपुर जमीन देखने आए थे। बता दें कि कालेसर जीरो प्वाइंट पर लगभग 60 एकड़ भूमि पर व्यावसायिक योजना लांच की गई है।

**श्रीसीमेंट के प्रतिनिधियों से निवेश पर चर्चा :** देश की प्रतिष्ठित सीमेंट कंपनी श्रीसीमेंट का धुरियापार क्षेत्र में विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में नई यूनिट पर 200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है। कंपनी के सीईओ समेत प्रमुख अधिकारी शुक्रवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ और अन्य अधिकारियों के साथ निवेश प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। श्रीसीमेंट की तरफ से 65 एकड़ जमीन की डिमांड की गई है।